# स्कूल में कार्निवल का आयोजन

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित प्रॉमिनेंस वर्ल्ड स्कूल में छात्रों के बीच रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए कलरिंग कार्निवल का आयोजन किया। कार्यक्रम में लगभग 180 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने कल्पनाओं को जीवंत रंगों में रंगा। काशवी, कृष्णा, श्री और अवनी विजेता बनीं। प्रॉमिनेंस वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. मृणालिनी सिंह ने कला और शिल्प किट से छात्रों को सम्मानित किया। ब्यूरो